# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 25.06.2025

### मरम्मत के लिए शाही नाले में डायवर्ट होगा घोड़ा नाला

**वाराणसी।** रोपवे की पाइलिंग के दौरान क्षतिग्रस्त घोड़ा नाले की मरम्मत शुरू करा दी गई है। इसके बाद लिए पहले गिरजाघर से घोड़ा नाले को डायवर्ट करके शाही नाले से जोड़ा जाएगा। इसके बाद घोड़ा नाले की मरम्मत शुरू होगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मरम्मत के दौरान सीवर का अधिक प्रेशर न हो। 25 फीट इस घोड़े नाले की मरम्मत के लिए रोबोटिक कैमरे की मदद ली जा रही है। निगम के इंजीनियरों के अनुसार सुरक्षा के सभी उपाय किए जा रहे हैं। नाले के अंदर कुछ भाग काफी खतरनाक हैं। बारिश के मौसम में नाले की मरम्मत किसी चुनौती से कम नहीं है। फिर भी काम को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। इस तरह के काम को पूरा कराने में 30 से 40 दिन का समय लग सकता है। सीवर चैंबर की मदद से जहरीली गैस को बाहर निकाला जा रहा है। शहर की सीवर व्यवस्था सिर्फ शाही नाले पर ही निर्भर है। ब्यूरो

**लापरवाही से रोपवे की पाइलिंग के दौरान 25 फीट नाला हुआ था क्षतिग्रस्त**

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**दैनिक जागरण–दि0 25.06.2025**

## क्षतिग्रस्त घोड़ा नाले की मरम्मत में लगेंगे 45 दिन

जागरण संवाददाता, वाराणसी: जल निगम ने क्षतिग्रस्त घोड़ा नाला के मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए गिरजाघर चौराहे के पास घोड़ा नाला बंद कर शाही नाले में जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इस प्रक्रिया में लोहे की पाइप लगाई जाएगी ताकि घोड़ा नाला का पानी निकाल कर मरम्मत कराई जा सके। घोड़ा नाला की मरम्मत में 45 दिन से अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

कैंट से गोदौलिया तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए नेशनल हाइवेज लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड गोदौलिया चौराहे के पास पाइलिंग कर रहा था। गत 14 जून की रात टावर संख्या 29 की खोदाई के दौरान मशीन की टक्कर घोड़ा नाला की दीवार से हो गई। इससे करीब 25 फीट गहरे घोड़ा नाला से रिसाव होने लगा। इससे आसपास की मिट्टी तेजी से धंस रही है। इसके बगल के भवनों के ध्वस्त होने का खतरा भी मंडरा रहा है। इसे देखते हुए नगर निगम ने एहतियातन होटल देवा को तत्काल खाली कराने का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने जलनिगम से क्षतिग्रस्त नाला की मरम्मत कराने का निर्देश दिया है। जल निगम के परियोजना प्रबंधक कमल सिंह ने बताया कि घोड़ा नाला का पानी रोकने के लिए पाइप लगाकर इसे शाही नाला से कनेक्ट किया जा रहा है।

**न्यायाधीश–दि0 25.06.2025**

## अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गयी

वाराणसी।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-01 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी वार्ड-शिवपुर , नोनौटी के अन्तर्गत गुलाब सिंह द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 227.00 वर्गमीटर में भूतल पर ढलाई का निर्माण कार्य करने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (1) एवं 28 (11) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए दिनांक 24/06/2025 को स्थल को सील कर सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।वार्ड-शिवपुर , नोनौटी के अन्तर्गत गुलाब सिंह द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 227.00 वर्गमीटर में भूतल पर ढलाई का निर्माण कार्य करने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (1) एवं 28 (11) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए दिनांक 24/06/2025 को स्थल को सील कर सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा एवं अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।